# बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड
## Bihar Board Of Open Schooling & Examination
शिक्षा विभाग, बिहार का स्वायत्त संस्थान
An Autonomous Organisation of Department of Education, Govt of Bihar
चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय परिसर, न्याय नगर, मीठापुर, पटना –800001
Chanakya National Law University Campus, Nyaya Nagar, Mithapur, Patna-800001
Website: www.bbose.org
Email ID:info@bbose.org
Phone No: 0612-2355563
Fax No : 0612-2355662


**बिहार विद्यालय परीक्षा, पटना द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) की परीक्षा, दिसम्बर–2022 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति के वेबसाईट पर अपलोड रहने एवं दिनांक – 04.10.2023 से 07.10.2023 तक की अवधि में ऑनलाईन त्रुटि संशोधन कराने के संबंध में आवश्यक सूचना:**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के ज्ञापांक–BSEB/SS/KEN/1089/2023 पटना, दिनांक–03.10.2023 के द्वारा प्राप्त पत्र के द्वारा द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर–2022 की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के द्वारा संचालित की जा रही है। जिसमें परीक्षार्थियों का, परीक्षा आवेदन डाटा के आधार पर, Dummy Admit Card बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के वेबासाईट–http://seniorsecondary.biharboardonline.com पर अपलोड किया गया है, जो दिनांक–04.10.2023 से 07.10.2023 तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध कराया गया है। ऑनलाईन Dummy Admit Card डाउनलोड करने एवं उसमें त्रुटि संशोधन करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं०–0612–2230039 अथवा E-mail Id: reg.bsebhelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

सुधार के लिए अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन त्रुटि सुधार हेतु वर्णित प्रक्रिया के अनुसार अपेक्षित सुधार की कार्रवाई नहीं की जाती है, तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator तथा संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की होगी।

04/X/23

(डा० नरेश कुमार झा)
उप निदेशक,
परीक्षा एवं मूल्यांकन विभाग,
बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं
परीक्षा बोर्ड, पटना।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

## विज्ञप्ति संख्या–पी॰आर॰ 351/2023

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा, दिसम्बर, 2022 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card समिति की वेबसाईट पर अपलोड रहने एवं दिनांक 04.10.2023 से 07.10.2023 तक की अवधि में ऑनलाईन त्रुटि संशोधन कराने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा संचालित बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के अधीनस्थ/मान्यता प्राप्त अध्ययन केन्द्रों (Studey Centres) के Co-ordinator, संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा० शि०) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा दिसम्बर, 2022 का आयोजन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा कराया जा रहा है।**

2. तद्नुसार द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वीं) परीक्षा दिसम्बर, 2022 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का, परीक्षा आवेदन डाटा के आधार पर, Dummy Admit Card बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वेबसाईट– **http://seniorsecondary.biharboardonline.com** पर अपलोड किया गया है, जो **दिनांक 04.10.2023 से 07.10.2023 तक** त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा।

3. इस निमित्त अध्ययन केन्द्रों (Study Centres) के Co-ordinator बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा उपलब्ध कराये गए यूजर आई0 डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के उक्त वेबसाईट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने केन्द्र के सभी छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे। तत्पश्चात् छात्र/ छात्राओं को निदेशित करेंगे कि वे Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणी की जांच एवं मिलान कर लें तथा Dummy Admit Card में यदि कोई त्रुटि पायी जाती है, तो निर्धारित तिथि तक संबंधित छात्र/छात्रा त्रुटि का सुधार कर आपको (Co-ordinator को) अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता–पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

4. समिति के उक्त वेबसाईट पर जारी Dummy Admit Card अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator के द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

**अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator द्वारा Dumy Admit Card डाउनलोड करने की प्रक्रिया:–**

संबंधित अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator समिति की वेबसाईट **http://seniorsecondary.biharboardonline.com** पर जाने के बाद Click Here to "BBOSE 12th Examination December, 2022 पर click करेंगे तथा अपने Study Center का यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड का उपयोग करते हुए Login करेंगे। लॉग–इन के उपरान्त अपने अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के सभी छात्र/छात्राओं का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

5. बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड के द्वितीय उच्च माध्यमिक (12वी) परीक्षा, दिसम्बर, 2022 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि अपने अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरण का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी छात्र/छात्रा एवं उनके माता/पिता के नाम के स्पेलिंग, जन्म तिथि, लिंग, जाति कोटि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे छात्र/छात्रा अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator को ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति अध्ययन केन्द्र (Study Centre) के Co-ordinator का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **परीक्षार्थी द्वारा जमा किए गए संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर संबंधित अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator ऐसे छात्र/छात्राओं की विवरणी में ऑनलाईन त्रुटि सुधार दिनांक 04.10.2023 से 07.10.2023 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित छात्र/छात्रा के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए।**

6. सुधार के लिए अवसर प्रदान किए जाने के बाद भी यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा निर्धारित अवधि तक अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator से समन्वय कर Dummy Admit Card प्राप्त नहीं किया जाता है तथा अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator द्वारा भी ऑनलाईन त्रुटि सुधार हेतु वर्णित प्रक्रिया के अनुसार अपेक्षित सुधार की कार्रवाई नहीं की जाती है, तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator तथा संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में छात्र/छात्रा, उनके माता–पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित छात्र/छात्रा का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए अध्ययन केन्द्र के Co-ordinator के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

7. ऑनलाईन Dummy Admit Card डाउनलोड करने एवं उसमें त्रुटि संशोधन करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0–**0612–2230039** अथवा **E-mail ID: reg.bsebhelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)